an>

Title: Need to develop Mau railway station as a terminal station and allocate funds for conversion of Indara Dohri Ghat railway line into broad gauge.

श्री हरिनारायन राजभर (घोसी) : मान्यवर, मेरे संसदीय क्षेतॣ के मऊ शहर में मऊ रेलवे स्टेशन को टर्मिनल के रूप में विकास करने की स्वीकृति रेलवे मंत्रालय द्वारा दी जा चुकी है और इसके निर्माण हेतु भारत सरकार द्वारा धन राशि भी दे दी गयी है। धनराशि दिये जाने के बावजूद आज तक इसका निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है।

इसके साथ ही दिनांक 23.11.2015 को बलिया में माननीय रेल मंत्री श्री सुरेश प्रभु जी ने इंदारा दोहरी घाट रेलवे लाइन को छोटी लाइन से बड़ी लाइन में बदलने की घोÂ◌ाणा की है। सदन के माध्यम से मेरा सरकार से अनुरोध है कि मऊ स्टेशन को टर्मिनल के रूप में विकसित करने का कार्य जल्द से जल्द शुरू किया जाये और माननीय रेल मंत्री जी ने इंदारा दोहरी घाट रेलवे लाइन को बड़ी लाइन में बदलने की घोÂ◌ाणा की है, उसके लिए आगामी बजट में धनराशि आवंटित किया जाये ताकि मेरे संसदीय क्षेतॣ के साथ-साथ आस-पास के जिलों, बलिया, देवरिया, आजमगढ़, गाजीपुर आदि के लाखों लोगों को इसका लाभ मिल सके।

HON. DEPUTY SPEAKER: Shri Bhairon Prasad Mishra is permitted to associate with the issue raised by Shri Harinarayan Rajbhar.